# अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ,उ0प्र0
# Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow, U.P.

**पत्रांक** :.......49......./कुलसचिव/अ०बि०वा०चि०वि०/2021 **दिनाँक** : 17 जून 2021

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
मेडिकल/डेन्टल/नर्सिंग/पैरामेडिकल कालेज,
उत्तर प्रदेश

विषय : "लेटर ऑफ कन्सेन्ट" के लिए देय शुल्क पर सर्विस टैक्स/जी०एस०टी० जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

आपकी संस्था द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ०प्र०, लखनऊ से सम्बद्ध होने के लिए "लेटर ऑफ कन्सेन्ट" जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया था तथा इस हेतु शुल्क भी विश्वविद्यालय के खाते में ऑनलाइन जमा किया गया था। विश्वविद्यालय के लेखा विभाग द्वारा यह पाया गया कि आपके द्वारा जमा किये गये शुल्क में जी०एस०टी० की धनराशि नहीं दी गयी है। उल्लेखनीय है कि जी०एस०टी० विभाग भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय की जी०एस०टी० देयता के दृष्टिगत मा० कुलपति जी द्वारा कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में सभी संस्थानों से सर्विस टैक्स/जी०एस०टी० की धनराशि दिनाँक 21 जून 2021 तक जमा कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनाँक 21 जून 2021 तक अनिवार्य रूप से जी०एस०टी० की धनराशि ऑनलाइन विश्वविद्यालय के निम्नलिखित खाते में जमा कराकर, जमा रसीद ई-मेल के द्वारा तुरन्त भेजना सुनिश्चित करें-

- खाते का नाम : **Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow**
- खाता संख्या : **50523223817**
- बैंक का नाम : **Indian Bank,** KGMC Branch, Lucknow
- आई.एफ.एस.सी. : **IDIB000K656**

जी०एस०टी० के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि की गणना देय शुल्क का 18% होगी, अर्थात यदि ₹ 70,000/- देयता शुल्क है तो जी०एस०टी० के रूप में देयता ₹ 12,600/- (₹ बारह हजार छः सौ मात्र) अतिरिक्त जमा कराना होगा।

अतः दिनाँक 21 जून 2021 तक अनिवार्य रूप से जी०एस०टी० जमा कर, जमा रसीद ई-मेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें जिससे सम्बद्धता के लिए विश्वविद्यालय स्तर से अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

17.6.21

**(अनिल कुमार सिंह)**
**रजिस्ट्रार**

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ -

- निजी सचिव, मा० कुलपति जी, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ०प्र०, लखनऊ ।
- वित्त अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ०प्र०, लखनऊ ।

**रजिस्ट्रार**